इरकॉन ने मनाया 43वां वार्षिक दिवस

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ने 28 अप्रैल को अपना 43वां वार्षिक दिवस हर्षोल्लास के साथ वायुसेना सभागार, सुब्रोतो पार्क, नई दिल्ली में मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, विनोद कुमार यादव, सदस्य, इंजीनियरिंग, विश्वेश चौबे तथा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, इरकॉन, सुनील कुमार चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर दीपक सबलोक, निदेशक, परियोजना, मुकेश कुमार सिंह, निदेशक, वित्त तथा योगेश कुमार मिश्रा, निदेशक, कार्य समेत रेलवे बोर्ड के अनेक वरिष्ठ अधिकारी, भूतपूर्व अधिकारी एवं अन्य संगठनों के अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर श्री यादव ने वर्ष 2018-19 में इरकॉन की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए आशा जताई कि आगामी वर्षों में भारतीय रेल के इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण और विकास में इरकॉन अग्रणी भूमिका निभाएगा। सदस्य, इंजीनियरिंग ने कहा कि इरकॉन द्वारा पूरी की जा रही अनेक परियोजनाएं उसके इंजीनियरों की गुणवत्ता और प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, इरकॉन ने कंपनी की सफलता का श्रेय इरकॉन की समर्पित टीम को दिया। उन्होंने इरकॉन पर भरोसा बनाए रखने के लिए रेलवे बोर्ड का भी आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि कंपनी कंस्ट्रक्शन सेक्टर की भावी चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

इरकॉन ने इस वर्ष से अपने वार्षिक दिवस को 'सृजन' नाम दिया है, जो कंपनी के मुख्य कार्यक्षेत्र का प्रतीक है।■

अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड का आरडीएसओ दौरा

अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड विनोद कुमार यादव ने 16 मार्च, 2019 को आरडीएसओ का दौरा किया और महानिदेशक, आरडीएसओ, वीरेंद्र कुमार, सभी अपर महानिदेशकों और कार्यकारी निदेशकों के साथ एक बैठक की जिसमें उन्होंने आरडीएसओ द्वारा हाल की उपलब्धियों और वर्तमान में चालू परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण देखा तथा अपने सुझाव दिए।

श्री यादव ने आरडीएसओ की कार्य प्रणाली की विशेष रूप से पिछले एक वर्ष में आये सुधार की सराहना की, साथ ही इस दिशा में और सुधार करने का आह्वान किया। इसके लिए उन्होंने उपस्थित प्रत्येक कार्यकारी निदेशक से सुझाव मांगे और उन्हें व्यक्तिगत रूप से सुना।

इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि आरडीएसओ को एक विश्वस्तरीय संस्थान बनाना है, और इसके लिए रेलवे बोर्ड से जो भी मदद की आवश्यकता है और जो भी महानिदेशक, आरडीएसओ को चाहिए वह दिया जाएगा। ■

1 मई को राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे एवं आरसीएफ कपूरथला के संयुक्त उपक्रम से वेंडर मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, विनोद कुमार यादव, सदस्य, सामग्री प्रबंधन, वी.पी. पाठक, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक टी.पी. सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे